# जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, बॉंदा की दिनॉंक 13.03.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में दिनॉंक 13.03.2023 को पूर्वान्ह: 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, बॉंदा में जलसंस्थान, बॉंदा द्वारा संचालित योजनाओं को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग/पुनर्गठन के डी0पी0आर0 विरचित कर अनुमोदन हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, बॉंदा की बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नानुसार अधिकारीगण उपस्थित हुये :-

1. मुख्य विकास अधिकारी, बॉंदा
2. जिला विकास अधिकारी, बॉंदा
3. प्रभागीय वनाधिकारी, बॉंदा
4. मुख्य चिकित्साधिकारी, बॉंदा
5. जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, बॉंदा
6. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग खण्ड-3, बॉंदा
7. अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, बॉंदा
8. महाप्रबन्धक, चित्रकूट धाम मण्डल जलसंस्थान, बॉंदा
9. अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूट धाम मण्डल जलसंस्थान, बॉंदा
10. जिला कृषि अधिकारी, बॉंदा
11. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, बॉंदा
12. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बॉंदा

आयुक्त महोदय, चित्रकूट धाम मण्डल, बॉंदा के पत्र संख्या-1560/पुनर्गठन योजना/01 दिनॉंक 14.02.2022 द्वारा जलसंस्थान द्वारा संचालित योजनाओं को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग/पुनर्गठन प्राक्कलन विरचित किए जाने हेतु प्रमुख सचिव नगर विकास, उ0प्र0 शासन, लखनऊ से अनुरोध किया गया था तथा प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 के पत्र संख्या-1033 (1)/छियत्तर-1-2023 दिनॉंक 04.03.2023 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि पाइप पेयजल योजनाओं के रेट्रोफिटिंग/पुनर्गठन के डी0पी0आर0 शीघ्र प्रेषित कर दिए जाए, जिससे दिनॉंक 16.03.2023 को अन्तिम एस0एल0एस0एस0सी0 की बैठक में प्राक्कलनों का अनुमोदन कराया जा सकें। उक्त के परिपेक्ष्य में जनपद बॉंदा में जलसंस्थान द्वारा संचालित योजनाओं के डी0पी0आर0 विरचित किए गए है, जिनकी तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झॉंसी व अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बॉंदा से प्राप्त की गई है, जिनका विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | पुनर्गठन/ रेट्रोफिटिंग | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खण्डेह ग्राम समूह पेयजल योजना | पुनर्गठन | 3025.56 | 7 ग्राम - |
| 2 | जसपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना | पुनर्गठन | 1242.65 | 5 ग्राम - |
| 3 | तिन्दवारा ग्राम पेयजल योजना | पुनर्गठन | 973.78 | 1 ग्राम - |
| 4 | कमासिन ग्राम समूह पेयजल योजना | पुनर्गठन | 1744.91 | 5 ग्राम - |
| 5 | विन्ध्यावासिनी ग्राम समूह पेयजल योजना | पुनर्गठन | 910.38 | 5 ग्राम - |
| 6 | तुर्रा ग्राम पेयजल योजना | रेट्रोफिटिंग | 484.63 | 1 ग्राम - |
| 7 | बबेरू ग्रामीण पेयजल योजना | रेट्रोफिटिंग | 483.14 | 1 ग्राम - |
| 8 | सिमौनी ग्राम पेयजल योजना | रेट्रोफिटिंग | 288.02 | 2 ग्राम - |
| 9 | कलींजर दुर्ग पेयजल योजना | रेट्रोफिटिंग | 586.90 | स्टैण्ड पोस्ट आधारित योजना |
| 10 | भूरागढ़ औद्योगिक क्षेत्र पेयजल योजना | रेट्रोफिटिंग | 161.59 | स्टैण्ड पोस्ट आधारित योजना |

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बॉंदा द्वारा अवगत कराया गया कि उपरोक्त योजनाओं का पुनर्गठन/रेट्रोफिटिंग के उपरान्त रखरखाव/संचालन का कार्य जलसंस्थान, बॉंदा द्वारा किया जाएगा, जिस पर महाप्रबन्धक, चित्रकूट धाम मण्डल जलसंस्थान, बॉंदा द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्र संख्या-740/डब्ल्यू0-409(Corr)/2017 दिनॉंक 24.09.2017 द्वारा पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु कोई धनराशि नहीं दी जाएगी, जिसके कारण योजनाओं के संचालन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बॉदा द्वारा अवगत कराया गया कि खण्डेह ग्राम समूह ...ल योजना व भूरागढ औद्योगिक क्षेत्र पेयजल योजना में जल की आपूर्ति खण्डेह/भूरागढ जल शोधन संयन्त्र से की जानी है, जिसका अनुरक्षण एवं संचालन जलसंस्थान, बॉदा द्वारा किया जा रहा है तथा खण्डेह/भूरागढ जल शोधन संयन्त्र से मटौंध नगर पंचायत व जवाहर नवोदय विद्यालय, बॉदा को भी जलापूर्ति की जा रही है, जिसके कारण जलसंस्थान, बॉदा द्वारा संचालित योजनाओं का संचालन जलसंस्थान, बॉदा द्वारा ही किया जाना सम्भव हो सकेगा।

जलसंस्थान, बॉदा द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का संचालन पुनर्गठन/रेट्रोफिटिंग होने के उपरान्त जलसंस्थान, बॉदा द्वारा पूर्व की भॉति किया जाएगा, जिस पर महाप्रबन्धक, चित्रकूट धाम मण्डल जलसंस्थान, बॉदा व अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूट धाम मण्डल जलसंस्थान, बॉदा व समस्त सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई है।

उपरोक्त समस्त डी0पी0आर0 को मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को प्रेषित किए जाने हेतु समस्त सदस्यों द्वारा मत स्थिर किया गया।

13/3/2023

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बॉदा

13/3/2023

जिला समाज कल्याण
अधिकारी/सदस्य,
बॉदा

जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी/सदस्य,
बॉदा

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी/सदस्य,
बॉदा

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य
for भूगर्भ जल विभाग,
बॉदा

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य
सिंचाई विभाग,
बॉदा

अधिशासी अभियन्ता,
चित्रकूट धाम मण्डल जलसंस्थान,
बॉदा

13/03/23

महाप्रबन्धक,
चित्रकूट धाम मण्डल जलसंस्थान,
बॉदा

जिला कृषि अधिकारी/सदस्य,
बॉदा

प्रभागीय वनाधिकारी/सदस्य
बॉदा

मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य,
बॉदा

13.3.23

जिला विकास अधिकारी/सदस्य,
बॉदा

13-3-2023

अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे),
बॉदा

13/3/23

मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बॉदा

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बॉदा